# CSIR-CBRI, Roorkee Celebrates 76th CSIR Foundation Day

## Dainik Jagran

Date: 26-09-2018

E-paper link: https://epaper.jagran.com/epaperimages/26092018/dehradun/25ruk-pg2-0.pdf

**आयोजन** सीबीआरआइ रुड़की में धूमधाम से मना सीएसआइआर का स्थापना दिवस

# विज्ञान को सरल भाषा में जनता तक पहुंचाएं

**जागरण संवाददाता, रुड़की**: केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान रुड़की के पैतृक संस्थान वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद का 76वां स्थापना दिवस समारोह मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर संस्थान में 25 वर्ष पूरे कर चुके अधिकारियों एवं कर्मचारियों और वर्ष के दौरान सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के महानिदेशक डॉ. राजेंद्र डोभाल उपस्थित रहे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सरकारी संरक्षण के साथ ही नवीन, निष्कपट और निष्ठावान अनुसंधान के जरिये ही उन्नत देश का विकास संभव है। उन्होंने वैज्ञानिकों से आह्वान किया कि वे विज्ञान एवं तकनीक से जुड़ी बातों को शुद्ध भाषा में जनता तक पहुंचाएं, जिससे कि जनता उन्हें आसानी से समझ सके। बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित नेत्रा, एनटीपीसी नई दिल्ली के कार्यकारी निदेशक आरके श्रीवास्तव ने एनटीपीसी और सीबीआरआइ रुड़की की ओर से संयुक्त रूप से किए गए अनुसंधान और नवोन्मेषों जैसे-जियोपोलिमर सड़क के विषय में बताया। साथ ही भविष्य में सीबीआरआइ के साथ मिलकर प्रदूषण नियंत्रण के लिए जिप्सम जैसे उत्पादों से कम लागत वाले आवासों के निर्माण के क्षेत्र में कार्य करने की आशा व्यक्त की।

सीबीआरआइ रुड़की के निदेशक डॉ. एन. गोपालकृष्णन ने देश सेवा में सीएसआइआर के 76 वर्षों की उतार-चढ़ाव की यात्रा और गौरवशाली योगदान के बारे में जानकारी दी। इस दौरान संस्थान की ओर से प्रकाशित पुस्तकों कंफायिंड मेसनरी और स्ट्रक्चरल डिजाइंस एंड डिटेलिंग फॉर कंफाइंड मेसनरी इडब्ल्यूएस हाउसेस का विमोचन किया। वहीं शैक्षिक संस्थानों के विद्यार्थियों और जनता के लिए मंगलवार को संस्थान की प्रयोगशालाएं खुली रही। उन्हें संस्थान में हो रहे अनुसंधान एवं विकास कार्यो को जानने और वैज्ञानिकों से बातचीत करने का अवसर मिला। कार्यक्रम का संचालन डॉ. एके मिनोचा ने किया। इस अवसर पर डॉ. सुवीर सिंह, डॉ. अतुल अग्रवाल, डॉ. अचल मित्तल, डॉ. एलपी सिंह, डॉ. अजय चौरसिया, अनिल कुमार, विनोद कुमार, सी. कूजुर, रश्मि राठौर, विश्वास त्यागी आदि के अलावा केंद्रीय विद्यालय एक एवं दो के कक्षा बारह के विज्ञान विषय के विद्यार्थी उपस्थित रहे।



मंगलवार को सीबीआरआइ रुड़की के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में पुस्तक का विमोचन करते अतिथि व अन्य • जागरण

### चित्रकला में अंशु, निबंध में सजल प्रथम

संस्थान के कर्मचारियों के बच्चों के लिए चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता हुई। चित्रकला प्रतियोगिता में स्वच्छ भारत विषय पर कक्षा दो के वर्ग में अंशु ने प्रथम और मायरा ने द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं एशियन गेम्स 2018 विषय पर कक्षा तीन से पांच तक के वर्ग में काव्या ने प्रथम, आबरा ने द्वितीय और आरव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भारत की विविधता में उसकी एकता विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में सजल प्रथम रही। वहीं भारत में प्राकृतिक आपदाएं विषय पर हुई प्रतियोगिता में उदय प्रथम एवं सिमरन द्वितीय और देश के विकास में मीडिया की जिम्मेदारी विषय पर आयोजित प्रतियोगिता में नैंसी को प्रथम पुरस्कार दिया गया।

**Amar Ujala**

Date: 26-09-2018 Page 4

E-paper link: https://epaper.amarujala.com/2018/09/26/rr/04/04.pdf

# निष्ठावान अनुसंधान से है देश का भविष्य: डॉ. राजेंद्र

## सीबीआरआई में मनाया गया संस्थान का स्थापना दिवस समारोह

अमर उजाला ब्यूरो

**रुड़की।** केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान रुड़की की ओर से अपना 76वां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. राजेंद्र डोभाल ने कहा कि निष्कपट और निष्ठावान अनुसंधान से ही देश का भविष्य है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि आरके श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. राजेंद्र डोभाल ने कहा कि सीबीआरआई की ओर से संयुक्त रूप से किए गए अनुसंधान और नवोन्मेषों जैसे जियोपोलिमर सड़क का निर्माण संभव हुआ है। उन्होंने भविष्य में सीबीआरआई के साथ मिलकर प्रदूषण नियंत्रण के लिए जिप्सम जैसे उत्पादों से कम लागत वाले आवासों के निर्माण की आशा व्यक्त की।

संस्थान के निदेशक डॉ. एन गोपाल कृष्णन ने कहा कि देश सेवा में सीबीआरआई के 76 वर्षों की उतार-चढ़ाव भरी यात्रा रही। इस यात्रा में संस्थान का साथ देने वाले सभी व्यक्तियों और संगठनों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्थान की ओर से प्रकाशित दो पुस्तकों का विमोचन किया गया। इस दौरान केंद्रीय विद्यालय नंबर एक और केंद्रीय विद्यालय नंबर दो के कक्षा 12 के विज्ञान विषय के 200 छात्रा-छात्राएं उपस्थित रहे।

इस अवसर पर डॉ. एके मिनोचा, डॉ. अतुल अग्रवाल, डॉ. अचल मित्तल, डॉ. एलपी सिंह, डॉ. अजय चौरसिया, अनिल कुमार, विनोद कुमार, रश्मि राठौर, विश्वास त्यागी आदि उपस्थित रहे।




सीबीआरआई के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम में विचार रखते अतिथि।

**Uttarakhand Kesari**

Date: 26-09-2018

E-paper link:
http://epaper.punjabkesari.in/1831936/Uttrakhand-kesari/Uttrakhand-kesari#page/3

# निष्ठावान अनुसंधान से ही विकास संभवः डोभाल

रुड़की, 25 सितम्बर (देवेन्द्र): केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान द्वारा अपने पैतृक संस्थान सीएसआईआर के 76वें स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें वैज्ञानिकों को संस्थान की उपलब्धियों के साथ ही नये लक्ष्यों के लिये प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों व आम जनता को संस्थान के अनुसंधान एवं विकास कार्य से परिचित होने और संस्थान के वैज्ञानिकों से बातची का भी अवसर मिला।




*कार्यक्रम को सम्बोधित करते मुख्य अतिथि डॉ.राजेंद्र डोभाल। (देवेन्द्र)*

मुख्य अतिथि उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् के महानिदेशक डॉ. राजेंद्र डोभाल ने कहा कि सरकारी संरक्षण के साथ निष्ठावान अनुसंधान से ही देश का विकास संभव है। एनटीपीसी नई दिल्ली के कार्यकारी निदेशक आर.के. श्रीवास्तव ने एनटीपीसी और सीबीआरआई द्वारा संयुक्त रूप से किये गए अनुसंधान के विषय में बताया। भविष्य में सीबीआरआई के साथ मिलकर प्रदूषण नियंत्रण के लिए जिप्सम जैसे उत्पादों द्वारा कम-लागत वाले आवासों के निर्माण के क्षेत्र में कार्य करने की आशा व्यक्त की। संस्थान के निदेशक डॉ.एन. गोपालकृष्णन ने देश सेवा में सीएसआईआर की 76 वर्षों यात्रा का वर्णन किया। इस अवसर पर संस्थान द्वारा प्रकाशित 2 तकनिकी पुस्तकों - "कंफायिंड मेसनरी" तथा "स्ट्रक्चरल डिजाइन्स एण्ड डिटेलिंग फार कंफायिंड मेसनरी ईडब्लूएस हाउसेस" का विमोचन किया गया।

**Rashtriya Sahara**

Date: 26-09-2018 Page 4

# निष्ठावान खोज से होगा देश का विकास : डा. राजेंद्र

■ रुड़की/एसएनबी।

केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान रुड़की द्वारा सीएसआईआर का स्थापना दिवस मनाया गया। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि डा. राजेंद्र डोभाल महानिदेशक, उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद ने किया।

## सीबीआरआई में मनाया सीएसआईआर का स्थापना दिवस

इस अवसर पर मुख्य अतिथि डा. राजेंद्र डोभाल ने कहा कि सरकारी संरक्षण के साथ, विकास की ओर नवीन और निष्ठावान अनुसंधान द्वारा ही उन्नत देश का विकास संभव है। विशिष्ट अतिथि आरके श्रीवास्तव, कार्यकारी निदेशक एनटीपीसी नई दिल्ली ने अपने संबोधन में एनटीपीसी और सीबीआरआई द्वारा संयुक्त रूप से किये गए अनुसंधान और नवोन्मेषों जैसे जियोपोलिमर सड़क के विषय में बताया और भविष्य में सीबीआरआई के साथ मिलकर प्रदूषण नियंत्रण हेतु जिप्सम जैसे उप उत्पादो द्वारा कम-लागत वाले आवासों के निर्माण के क्षेत्र में कार्य करने की आशा व्यक्त की।

अध्यक्षीय संबोधन में संस्थान के निदेशक डॉ. एन. गोपालकृष्णन ने देश सेवा में सीएसआईआर के छिहत्तर वर्षों की उतार-चढ़ाव भरी यात्रा और गौरवशाली योगदानों का वर्णन करते हुए इस यात्रा में संस्थान का साथ देने वाले सभी व्यक्तियों और संगठनों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्थान द्वारा प्रकाशित कंफायिंड मेसनरी और स्ट्रक्चरल डिजाइंस एंड डिटेलिंग फार कंफायिंड मेसनरी ईडब्लूएस हाउसेस पुस्तकों का विमोचन किया गया। डा. एके मिनोचा ने कार्यक्रम का संचालन किया।

इस अवसर पर 25 वर्ष पूरे कर चुके अधिकारियों व कर्मचारियों को घड़ी देकर सम्मानित किया गया। जिनमें हिमांशु शर्मा, सुशील कुमार और भारत भूषण शामिल रहे। इस वर्ष सेवानिर्वित्त हुए कर्मचारियों को घड़ी और शॉल देकर सम्मानित किया गया। जिनमें प्रदीप कुमार यादव, सुभाष चन्द, संतोष कुमार मिश्रा, रिजवानुल हसन, धर्मपाल सिंह, रमेश कुमार जौहर, नीता मित्तल, धन प्रकाश यादव, अमर सिंह, सुनीता, डॉ. बीएम सुमन, राजेश चन्द्र सक्सेना, फ्रांसिस चार्ल्स, ऋषिपाल, विजय कुमार शर्मा, राजकुमार और विश्वास कुमार शामिल है। चित्रकला प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया गया।

इस अवसर पर डा. अतुल अग्रवाल, डा. अचल मित्तल, डा. एलपी सिंह, डा. अजय चौरासिया, अनिल कुमार, विनोद कुमार, सी. कूजुर, रश्मि राठौर, विश्वास त्यागी आदि मौजूद थे।



रुड़की : केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान में स्थापना दिवस पर पुस्तक का विमोचन करते वैज्ञानिक।

**Hindustan**

Date: 26-09-2018 Page 4

E-paper link:
http://epaper.livehindustan.com/epaperimages/26092018/26092018-RRK-DDN-06.PDF

# सीएसआईआर का स्थापना दिवस मनाया गया

रुड़की | हमारे संवाददाता

केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान की ओर से सीएसआईआर के 76वें स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. राजेंद्र डोभाल, महानिदेशक, उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् ने कहा कि सरकारी संरक्षण के साथ विकास की ओर नवीन, निष्कपट और निष्ठावान अनुसंधान द्वारा ही उन्नत देश का विकास संभव है।

विशिष्ट अतिथि आरके श्रीवास्तव ने एनपीसी और सीबीआरआई के संयुक्त रूप से किए अनुसंधान और नवोमेषों जैसे जियोपोलिमर सड़क के विषय में बताया तथा भविष्य में सीबीआरआई के साथ मिलकर प्रदूषण नियंत्रण के लिए जिप्सम जैसे उत्पादों से कम लागत वाले आवासों के निर्माण के क्षेत्र में कार्य करने की आशा व्यक्त की।

निदेशक डॉ. एन गोपालकृष्णन ने सीएसआईआर के 76 सालों के उतार-चढ़ाव भरी यात्रा और गौरवशाली योगदानों का वर्णन किया। मौके पर संस्थान द्वारा प्रकाशित कंफायिंड मेसनरी तथा स्ट्रक्चरल डिजाइंस एंड डिटेलिंग फार कंफायिंड मेसनरी ईडब्लूएस हाउसेस पुस्तक का विमोचन किया गया। डॉ.एके मिनोचा ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर केंद्रीय विद्यालय नंबर 1, 2 के कक्षा 12 वीं के विज्ञान विषय के लगभग 200 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# Dainik Bhaskar

Date: 26-09-2018

### आईआईटी में स्थित सीबीआरआई में सीएसआईआर स्थापना दिवस समारोह मनाया गया

## निष्ठावान अनुसंधान से ही है देश का भविष्यः डोभाल

भास्कर समाचार सेवा

**रुड़की।** केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान, रूड़की द्वारा अपने पैतृक संस्थान सीएसआईआर के 76वें स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया। दीप प्रज्वलन के पश्चात सभा को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. राजेंद्र डोभाल, महानिदेशक, उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् ने कहा कि सरकारी संरक्षण के साथ, विकास की ओर नवीन, निष्कपट और निष्ठावान अनुसंधान द्वारा ही उन्नत देश का विकास संभव है। विशिष्ट अतिथि आरके श्रीवास्तव कार्यकारी निदेशक, नेत्रा, एनटीपीसी, नई दिल्ली ने अपने संबोधन में एनटीपीसी और सीबीआरआई द्वारा संयुक्त रूप से किए गए अनुसंधान और नवोन्मेषों जैसे जियोपोलिमर सड़क के विषय में बताया तथा भविष्य में सीबीआरआई के साथ मिलकर प्रदूषण नियंत्रण हेतु जिप्सम जैसे उपउत्पादों द्वारा कम-लागत वाले आवासों के निर्माण के क्षेत्र में कार्य करने की आशा व्यक्त की। अध्यक्षीय संबोधन में संस्थान के निदेशक डॉ एन गोपालकृष्णन ने कहा कि देश सेवा में सीएसआईआर के 76 वर्षों की गौरवशाली यात्रा रही है। इस अवसर पर संस्थान द्वारा प्रकाशित दो नवीन पुस्तकों 'कंफायिंड मेसनरी' तथा 'स्ट्रक्चरल डिजाइन्स एंड डिटेलिंग फार कंफायिंड मेसनरी ईडब्लूएस हाउसेस' का विमोचन किया गया। डॉ. एके मिनोचा ने कार्यक्रम का संचालन किया। डॉ. सुवीर सिंह ने विशिष्ट अतिथि का औपचारिक परिचय तथा धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

सीएसआईआर-सीबीआरआई की प्रयोगशालाएं स्थानीय शैक्षिक संस्थानों के विद्यार्थियों और आम जनता के लिए खुली रही, जिससे सभी को संस्थान के अनुसंधान एवं विकास कार्य से परिचित होने का अवसर मिला तथा संस्थान के वैज्ञानिकों से बातचीत करने का भी अवसर प्राप्त हुआ। इस अवसर पर केंद्रीय विद्यालय नं. 1 और केंद्रीय विद्यालय नं. 2 के कक्षा 12 के विज्ञान विषय के लगभग 200 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

25 वर्ष पूरे कर चुके अधिकारियों, कर्मचारियों को घड़ी देकर सम्मानित किया गया, जिनमें हिमांशु शर्मा, सुशील कुमार और भारत भूषण शामिल हैं। वर्ष के दौरान सेवानिर्वित्त हुए कर्मचारियों को घड़ी और शॉल देकर सम्मानित किया गया, जिनमें प्रदीप कुमार यादव, सुभाष चंद, संतोष कुमार मिश्रा, रिजवानुल हसन, धर्मपाल सिंह, रमेश कुमार जौहर, नीता मित्तल, धन प्रकाश यादव, अमर सिंह, सुनीता, डॉ बीएम सुमन, राजेश चंद्र सक्सेना, फ्रांसिस चार्ल्स, ऋषिपाल, विजय कुमार शर्मा, राजकुमार और विश्वास कुमार शामिल रहे। चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को भी इस अवसर पर पुरस्कृत किया गया।

इस दौरान डॉ अतुल अग्रवाल, डा. अचल मित्तल, डा. एलपी सिंह, डा. अजय चौरासिया, अनिल कुमार, विनोद कुमार, सी. कूजुर, रश्मि राठौर, विश्वास त्यागी आदि मौजूद थे।

**Dainik Aaj**

Date: 26-09-2018

# सीएसआईआर का स्थापना दिवस मनाया

रुड़की। केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान, रूड़की द्वारा अपने पैतृक संस्थान सीएसआईआर के 76वें स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभांरभ यहां बतौर मुख्यअतिथि पहुंचे अतिथियो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. राजेंद्र डोभाल, महानिदेशक, उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् ने कहा कि सरकारी संरक्षण के साथ, विकास की ओर नवीन, निष्कपट और निष्ठावान अनुसंधान द्वारा ही उन्नत देश का विकास संभव है।



विशिष्ट अतिथि आर.के. श्रीवास्तव, कार्यकारी निदेशक, नेत्रा, एन.टी.पी.सी., नई दिल्ली ने अपने संबोधन में एन.टी.पी.सी और सीबीआरआई द्वारा संयुक्त रूप से किये गए अनुसंधान और नवोन्मेषों जैसे जियोपोलिमर सड़क के विषय पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्थान के निदेशक डॉ. एन. गोपालकृष्णन ने कहा कि देश सेवा में सीएसआईआर के छिहत्तर वर्षो की उतार-चढ़ाव भरी यात्रा और गौरवशाली योगदान भरे रहे है। उन्होनें संस्थान द्वारा प्रकाशित, दो नवीन पुस्तकों - कंफायिंड मेसनरी तथा स्ट्रक्चरल डिज़ाइन्स एण्ड डिटेलिंग फार कंफायिंड मेसनरी ईडब्लूएस हाउसेस का विमोचन किया। डॉ. ए.के. मिनोचा ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस दिन के एक महत्वपूर्ण भाग के रूप में, सीएसआईआर-सीबीआरआई की प्रयोगशालाएं सुबह से स्थानीय शैक्षिक संस्थानों के विद्यार्थियों और आम जनता के लिए खुली रही, जिससे सभी को संस्थान के अनुसंधान एवं विकास कार्य से परिचित होने का अवसर मिला तथा संस्थान के वैज्ञानिकों से बातचीत करने का भी अवसर प्राप्त हुआ। इस अवसर पर केंद्रीय विद्यालय न. 1 और केंद्रीय विद्यालय न. 2 के कक्षा 12 के विज्ञान विषय के लगभग 200 विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. अतुल अग्रवाल, डा. अचल मित्तल, डा. एल.पी. सिंह, डा. अजय चौरासिया, अनिल कुमार, विनोद कुमार, सी. कूजुर, रश्मि राठौर, विश्वास त्यागी आदि मौजूद रहे।

**Swatantra Chetna**

Date: 26-09-2018 Page 4

E-paper link: http://swatantrachetnanews.com/haridwar.html?r

# सीबीआरआई ने धूमधाम से मनाया 76वां स्थापना दिवस

स्वतंत्र चेतना

रुड़की केन्द्रीय भवन अनुसंधान संस्थान, रूड़कीद्वारा अपने पैतृक संस्थानसीएसआईआर के 76वें स्थापना दिवससमारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभांरभ यहां बतौर मुख्यअतिथि पहुंचे अतिथियो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर परमुख्य अतिथि ड.राजेंद्र डोभाल, महानिदेशक, उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद्ने कहा कि सरकारी संरक्षण के साथ, विकास की ओर नवीन, निष्कपट और निष्ठावान अनुसंान द्वारा ही उन्नत देश का विकास संभव है।

विशिष्ट अतिथि आर.के. श्रीवास्तव,कार्यकारी निदेशक, नेत्रा, एनटीपीसी, नई दिल्ली ने अपने संबोान में एनटीपीसी और सीबीआरआई द्वारा संयुक्त रूप से किये गए अनुसंान और नवोन्मेषों जैसे जियोपोलिमर सड़क के विषय पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्थान केनिदेशक डॉ. एन. गोपालकृष्णननेकहा कि देश सेवा में सीएसआईआर के छिहत्तर वर्षों की उतार–चढ़ाव भरी यात्रा



और गौरवशाली योगदान भरे रहे है। उन्होनें संस्थान द्वारा प्रकाशित, दो नवीन पुस्तकों –कंफायिंड मेसनरीतथास्ट्रक्चरल डिजाइन्स एण्ड डिटेलिंग फार कंफायिंड मेसनरी ईडब्लूएस हाउसेसका विमोचन किया ड. एके. मिनोचाने कार्यक्रम का संचालन किया। इस दिन के एक महत्वपूर्ण भाग के रूप मे, सीएसआ-ईआर–सीबीआरआई कीप्रयोगशालाएं सुबह सेस्थानीय शैक्षिक संस्थानों केविद्यार्थियों और आम जनताके लिए खुली रही, जिससे सभी को संस्थान के अनुसंधान एवं विकास कार्य से परिचित होने का अवसर मिला तथा संस्थान के वैज्ञानिकों से बातचीत करने का भी अवसर प्राप्त हुआ। इस अवसर परकेंद्रीय विद्यालय न. 1औरकेंद्रीय विद्यालय न. 2केकक्षा 12 केविज्ञान विषय के लगभग 200 विद्यार्थीउपस्थित रहे इस अवसर पर डॉ.अतुल अग्रवाल, डा. अचल मित्तल, डा. एलपी. सिंह, डा. अजय चौरासिया, अनिल कुमार, विनोद कुमार, सी.कूजुर, रश्मि राठौर, विश्वास त्यागी आदि मौजूद रहे।

# Dainik Hawk

Date: 26-09-2018 Page 8

E-paper link:
http://epaper.thehawk.in/index.php/epaper/edition/3155/dainik-hawk-haridwar/page/8

## सीबीआरआई ने सीएसआईआर के 76वें स्थापना दिवस पर समारोह आयोजित किया, दो पुस्तकों का किया विमोचन

**रुड़की:** केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान द्वारा अपने पैतृक संस्थान सीएसआईआर के 76वें स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के शुभारम्भ पर दीप प्रज्वलन करते हुए बतौर मुख्य अतिथि डा. राजेंद्र डोभाल, महानिदेशक, उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद ने कहा कि सरकारी संरक्षण के साथ, विकास की ओर नवीन, निष्कपट और निष्ठावान अनुसंधान द्वारा ही उन्नत देश का विकास संभव है। विशिष्ट अतिथि आरके श्रीवास्तव, कार्यकारी निदेशक, नेत्र, एन.टी.पी.सी., नई दिल्ली ने अपने संबोधन में एन.टी.पी.सी और सीबीआरआई द्वारा संयुक्त रूप से किये गए अनुसंधान और नवोन्मेषों जैसे जियोपोलिमर सड़क के विषय में बताया तथा भविष्य में सीबीआरआई के साथ मिलकर प्रदूषण नियंत्रण हेतु जिप्सम जैसे उपउत्पादों द्वारा कम-लागत वाले आवासों के निर्माण के क्षेत्र में



कार्य करने की आशा व्यक्त की। संस्थान के निदेशक डॉ. एन. गोपालकृष्णन ने कहा कि देश सेवा में सीएसआईआर के छिहत्तर वर्षों की उतार-चढ़ाव भरी यात्रा और गौरवशाली योगदानों का वर्णन करते हुए, इस यात्रा में संस्थान का साथ देने वाले सभी व्यक्तियों और संगठनों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्थान द्वारा प्रकाशित, दो नवीन पुस्तकों कंफाइंड मेसनरी तथा स्ट्रक्चरल डिजाइन्स एण्ड डिटेलिंग फार कंफाइण्ड मेसनरी ईडब्लूएस हाउसेस का विमोचन किया गया। डा. ए. के. मिनोचा ने कार्यक्रम का संचालन किया तथा मुख्य अतिथि का औपचारिक परिचय प्रस्तुत किया। डा. सुवीर सिंह ने विशिष्ट अतिथि का औपचारिक परिचय तथा धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। इस अवसर पर केंद्रीय विद्यालय न. 1 और केंद्रीय विद्यालय न. 2 के कक्षा 12 के विज्ञान विषय के लगभग 200 विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. अतुल अग्रवाल, डा. अचल मित्तल, डा. एल.पी. सिंह, डा. अजय चौरसिया, अनिल कुमार, विनोद कुमार, सी. कुजुर, रश्मि राठौर, विश्वास त्यागी आदि मौजूद थे। --हाक न्यूजलाईन

# Ajit Samachar

Date: 26-09-2018 Page 9

E-paper link: https://epaper.ajitsamachar.com/page/20180927/21/9/2_2.cms

# सीएसआईआर का 76वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित

## निष्ठावान अनुसंधान से ही है देश का भविष्यः डा. राजेंद्र डोभाल

रुड़की, 26 सितम्बर (गोपाल नारसन): केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान द्वारा अपने पैतृक संस्थान सीएसआईआर के 76वें स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के शुभारम्भ पर दीप प्रज्वलन करते हुए बतौर मुख्य अतिथि डा. राजेंद्र डोभाल, महानिदेशक, उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् ने कहा कि सरकारी संरक्षण के साथ, विकास की ओर नवीन, निष्कपट और निष्ठावान अनुसंधान द्वारा ही उन्नत देश का विकास संभव है। विशिष्ट अतिथि आरके श्रीवास्तव, कार्यकारी निदेशक, नेत्रा, एनटीपीसी, नई दिल्ली ने अपने संबोधन में एनटीपीसी और सीबीआरआई द्वारा संयुक्त रूप से किये गए अनुसंधान और नवोन्मेषों जैसे जियोपोलिमर सड़क के विषय में बताया तथा भविष्य में सीबीआरआई के साथ मिलकर प्रदूषण नियंत्रण हेतु जिप्सम जैसे उपउत्पादों द्वारा कम-लागत वाले आवासों के निर्माण के क्षेत्र में कार्य करने की आशा व्यक्त की। संस्थान के निदेशक डा. एन गोपालकृष्णन ने कहा कि देश सेवा में सीएसआईआर के छिहत्तर वर्षों की उतार-चढ़ाव भरी यात्रा और गौरवशाली योगदानों का वर्णन करते हुए, इस यात्रा में संस्थान का साथ देने वाले सभी व्यक्तियों और संगठनों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्थान द्वारा प्रकाशित, दो नवीन पुस्तकों कंफायिंड मेसनरी तथा स्ट्रक्चरल डिजाइन्स एण्ड डिटेलिंग फार कंफायिंड मेसनरी ईडब्लूएस हाउसेस का विमोचन किया गया। डा. एके मिनोचा ने कार्यक्रम का संचालन किया तथा मुख्य अतिथि का औपचारिक परिचय प्रस्तुत किया। डा. सुवीर सिंह ने विशिष्ट अतिथि का औपचारिक परिचय तथा धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। इस अवसर पर केंद्रीय विद्यालय न. 1 और केंद्रीय विद्यालय न. 2 के कक्षा 12 के विज्ञान विषय के लगभग 200 विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस अवसर पर डा. अतुल अग्रवाल, डा. अचल मित्तल, डा. एलपी सिंह, डा. अजय चौरासिया, अनिल कुमार, विनोद कुमार, सी कूजुर, रश्मि राठौर, विश्वास त्यागी आदि मौजूद थे।



पुस्तकों का विमोचन करते मुख्य अतिथि डा. राजेंद्र डोभाल एवं संस्थान के निदेशक डा. एन गोपालकृष्णन। (छायाः गोपाल नारसन)

**Badri Vishal**

Date: 26-09-2018

# निष्कपट और निष्ठावान अनुसंधान द्वारा ही उन्नत देश का विकास संभव: डोभाल

**रुड़की बद्री विशाल।** केन्द्रीय भवन अनुसंधान संस्थान रुड़की द्वारा सीएसआईआर के 76वें स्थापना दिवस पर समारोह का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए महानिदेशक उत्तराखण्ड विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी परिषद डॉ. राजेन्द्र डोभाल ने कहा कि सरकारी संरक्षण के साथ विकास की ओर नवीन निष्कपट और निष्ठावान अनुसंधान द्वारा ही देश का विकास संभव है। विशिष्ट अतिथि आरके श्रीवास्तव ने अनुसंधान और नवोन्मेषों जैसे जीयोपॉलिमर सड़क के विषय में बताया तथा भविष्य में सीबीआरआई के साथ मिलकर प्रदूषण नियंत्रण हेतु जिप्सम जैसे उप उत्पादों द्वारा कम लागत वाले आवासों के निर्माण के क्षेत्र में कार्य करने पर बल दिया। संस्थान के निदेशक डॉ. एन गोपालकृष्णन ने कहा कि देश सेवा में सीएसआईआर के 76 वर्षो की उतार चढ़ाव भरी यात्रा और गौरवशाली योगदान का वर्णन करते हुए इस यात्रा में संस्थान का साथ देने वाले सभी व्यक्तियों और संगठनों का आभार व्यक्त किया। संस्थान द्वारा प्रकाशित पुस्तक 'कम्फाईड मेशनरी स्ट्रक्चलर डिजाईन्स एवं डिटेलिंग फॉर कम्फाईड मेशनरी ईडब्ल्यूएस हाउसेस' का विमोचन किया गया। डॉ. ए.के. मिनोचा ने कार्यक्रम का संचालन किया तथा सभी का परिचय कराया। डॉ. सुवीर सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस दिन के महत्वपूर्ण भाग के रुप में सीएसआईआर, सीबीआरआई की प्रयोगशालाएं, विद्यार्थियों और आम जनता के लिए खुली रही। जिससे सभी को संस्थान के अनुसंधान एवं विकास कार्य से परिचित होने का अवसर मिला तथा संस्थान के वैज्ञानिकों से भी वार्ता का अवसर मिला। स्थापना समारोह के दौरान 25 वर्ष पूरे कर चुके अधिकारियों तथा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को घड़ी व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान चित्रकला प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरूस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर डॉ. अतुल अग्रवाल, डॉ. अचल मित्तल, डॉ. अल्पी सिंह, डॉ. अजय चौरसिया, अनिल कुमार, विनोद कुमार, सी.कुजूर, रश्मि राठौर, विश्वास त्यागी आदि मौजूद रहे।

**Rashtriya Sahara**

Date: 25-09-2018 Page 4

# प्रतियोगिताओं में काव्या, सजल अंशु, नैंसी व उदय ने मारी बाजी

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

रुड़की।

केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान रुड़की ने सीएसआईआर के 76वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में काव्या, सजल, उदय, अंशु और नैंसी ने प्रथम स्थान हासिल किया।

सीएसआईआर के 76वें स्थापना दिवस पर उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के महानिदेशक डा. राजेन्द्र डोभाल मुख्य अतिथि एनटीपीसी नई दिल्ली के कार्यकारी निदेशक, आरके श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि रहे। संस्थान के निदेशक डा. एन. गोपालकृष्णन कार्यक्रम की अध्यक्षता और डा. एके मिनोचा कार्यक्रम का संचालन करेंगे। इस अवसर पर संस्थान में 25 वर्ष पूरे कर चुके सेवानिर्वित्त अधिकारियों-कर्मचारियों को सम्मानित किया जायेगा।

इस उपलक्ष्य में संस्थान के कर्मचारियों के बच्चों के लिए विभिन्न वर्गों की अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी। चित्रकला प्रतियोगिता में 12वीं बालिका वर्ग में अंशु, मायरा, तीसरी से पांचवीं वर्ग में काव्या, आबरा, आरव और निबंध लेखन प्रतियोगिता में छठवीं से आठवीं तक के वर्ग में सजल, नौवीं से दसवीं तक वर्ग में उदय, सिमरन और 11 से 12वीं तक वर्ग में नैन्सी ने क्रमशः प्रथम, द्रितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। समारोह में प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

इस मौके पर डॉ. अतुल अग्रवाल, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक और सूचना अधिकारी मौजूद रहे।

**Hindustan**

Date: 25-09-2018 Page 5

E-paper link:
http://epaper.livehindustan.com/epaperimages/25092018/25092018-RRK-DDN-05.PDF

# अपने शहर में

- सीएसआईआर के 76 वें स्थापना दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम, सुबह नौ बजे से

**Dainik Jagran**

Date: 25-09-2018 Page 4

E-paper link: https://epaper.jagran.com/epaperimages/25092018/dehradun/24ruk-pg4-0.pdf

# स्थापना दिवस पर खुली रहेंगी प्रयोगशालाएं

**रुड़की** : केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान रुड़की की ओर से अपने पैतृक संस्थान वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद के 76वें स्थापना दिवस के मौके पर मंगलवार को समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर स्थानीय शैक्षिक संस्थानों के विद्यार्थियों और शहरवासियों के लिए संस्थान की प्रयोगशालाएं खुली रहेंगी। इस दौरान उन्हें अनुसंधान एवं विकास कार्य से परिचित होने और वैज्ञानिकों से बातचीत करने का अवसर मिलेगा।

संस्थान के वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक एवं सूचना अधिकारी डॉ. अतुल अग्रवाल ने बताया कि संस्थान में 25 वर्ष पूरे कर चुके अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अलावा वर्ष के दौरान सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा कर्मचारियों के बच्चों के लिए विभिन्न श्रेणियों में अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इनमें चित्रकला, निबंध लेखन आदि प्रतियोगिताएं शामिल हैं। (जासं)

**Dainik Bhaskar**

Date: 25-09-2018 Page 5

## धूमधाम से मनेगा 76वां स्थापना दिवस

**रुड़की।** केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान रुड़की अपना 76वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाने जा रहा है। इस अवसर पर उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के महानिदेशक डॉ राजेंद्र डोभाल मुख्य अतिथि तथा नेत्र, एनटीपीसी, नई दिल्ली के कार्यकारी निदेशक, आरके श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि होंगे। इस दिन संस्थान की प्रयोगशालाएं भी स्थानीय शैक्षिक संस्थानों के विद्यार्थियों और आम जनता के लिए खुली रहेंगी, जिससे सभी को संस्थान के अनुसंधान एवं विकास कार्य से परिचित होने तथा वैज्ञानिकों से बातचीत करने का भी अवसर प्राप्त होगा। इस अवसर पर संस्थान में 25 वर्ष पूरे कर चुके अधिकारियों, कर्मचारियों में हिमांशु शर्मा, सुशील कुमार और भारत भूषण को सम्मानित किया जाएगा।

**Dainik Aaj**

Date: 25-09-2018

# स्थापना दिवस समारोह होगा आयोजित

रुड़की। केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान, रूड़की अपने पैतृक संस्थान सीएसआईआर के 76वें स्थापना दिवस के अवसर पर समारोह का आयोजन कर रहा है। इस अवसर पर उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के महानिदेशक डॉ. राजेन्द्र डोभाल मुख्य अतिथि तथा नेत्रा, एन.टी.पी.सी., नई दिल्ली के कार्यकारी निदेशक, आर.के. श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि होगें। संस्थान के निदेशक डॉ. एन. गोपालकृष्णन कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे तथा डॉ. ए.के. मिनोचा कार्यक्रम का संचालन करेगें। प्रेस को जारी बयान में संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक एवं सूचना अधिकारी डॉ. अतुल अग्रवाल ने बताया कि इस दिन संस्थान की प्रयोगशालाएं सुबह 9.00 बजे से स्थानीय शैक्षिक संस्थानों के विद्यार्थियों और आम जनता के लिए खुली रहेंगी, जिससे सभी को संस्थान के अनुसंधान एवं विकास कार्य से परिचित होने तथा वैज्ञानिकों से बातचीत करने का भी अवसर प्राप्त होगा। इस अवसर पर संस्थान में 25 वर्ष पूरे कर चुके अधिकारियों/कर्मचारियों को घड़ी और शॉल देकर सम्मानित किया जायेगा। उन्होनें बताया कि इस अवसर पर संस्थान अपने सभी भूतपूर्व एवं सेवानिवृत कर्मचारियों को आमंत्रित करता है।

**Badri Vishal**

Date: 25-09-2018

# आज धूमधाम से मनाया जायेगा सीएसआईआर का 76वां स्थापना दिवस: अग्रवाल

**रुड़की बद्री विशाल।** केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान रुड़की में सीएसआईआर का 76वां स्थापना दिवस कल (आज) हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा।

उक्त जानकारी देते हुए वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक डॉ. अतुल अग्रवाल ने बताया कि स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के महानिदेशक डॉ. राजेन्द्र डोभाल व नेत्र एन.टी.पी.सी. नई दिल्ली के कार्यकारी निदेशक आर.के. श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि होंगे। संस्थान के निदेशक डॉ. एन गोपालकृष्णन कार्यक्रम की अध्यक्षता व संचालन डॉ. ए.के. मिनोचा करेंगे। समारोह में प्रातः 9 बजे संस्थान की प्रयोगशालाएं स्थानीय शैक्षिक संस्थानों के विद्यार्थियों और आम जनता के लिए खुली रहेंगी। जिससे सभी को संस्थान के अनुसंधान एवं विकास कार्य से परिचित होने तथा वैज्ञानिकों से बातचीत करने का भी अवसर मिलेगा। समारोह में संस्थान के 25 वर्ष पूरे कर चुके अधिकारियों/कर्मचारियों हिमांशु शर्मा, सुशील कुमार और भारत भूषण को घड़ी देकर सम्मानित किया जायेगा। साथ ही वर्ष के दौरान सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों प्रदीप कुमार यादव, सुभाष चन्द, संतोष कुमार मिश्रा, रिजवानुल हसन, धर्मपाल सिंह, रमेश कुमार जौहर, श्रीमती नीता मित्तल, धनप्रकाश यादव, अमर सिंह, श्रीमती सुनीता, डॉ. बी. एम. सुमन, राजेश चन्द्र सक्सेना, फ्रांसिस चार्ल्स, ऋषिपाल, विजय कुमार शर्मा, राजकुमार और विश्वास कुमार को घड़ी और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया जायेगा। सीएसआईआर के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में संस्थान के कर्मचारियों के बच्चों के लिए विभिन्न श्रेणियों में अनेक प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई जिसमें चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा 2 तक के वर्ग में कु. अंशु ने प्रथम और कु. मायरा ने द्वितीय तथा कक्षा 3 से 5 तक के वर्ग में कु. काव्या ने प्रथम, कु. आबरा ने द्वितीय तथा आरव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं में कक्षा 6 से 8 तक के वर्ग में सजल ने प्रथम, कक्षा 9 से 10 तक के वर्ग में उदय ने प्रथम और कु. सिमरन ने द्वितीय तथा कक्षा 11 से 12 तक वर्ग में कु. नैन्सी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी स्थापना दिवस समारोह के दौरान पुरस्कृत किया जाएगा।

**Amar Ujala**

Date: 25-09-2018 Page 4

E-paper link: https://epaper.amarujala.com/2018/09/25/rr/04/04.pdf

# सीबीआरआई का स्थापना दिवस आज

**रुड़की।** केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान (सीबीआरआई) रुड़की का 76वां स्थापना दिवस मंगलवार को मनाया जाएगा। इस मौके पर सीबीआरआई में रंगारंग कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम में उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के महानिदेशक डॉ. राजेन्द्र डोभाल मुख्य अतिथि तथा एनटीपीसी नई दिल्ली के कार्यकारी निदेशक आरके श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि होंगे। संस्थान के निदेशक डॉ. एन. गोपालकृष्णन कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अतुल अग्रवाल ने दी।

**Ajit Samachar**

Date: 25-09-2018 Page 9

E-paper link: https://epaper.ajitsamachar.com/page/20180925/21/9/1_1.cms

# सीएसआईआर का 76वां स्थापना दिवस आज

## स्कूली बच्चों व आम लोगों को संस्थान की प्रयोगशालाएं देखने का मिलेगा अवसर

रूड़की, 24 सितम्बर (गोपाल नारसन): मंगलवार को केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान, रूड़की अपने पैतृक संस्थान सीएसआईआर के 76वें स्थापना दिवस के अवसर पर समारोह का आयोजन कर रहा है। समारोह में उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के महानिदेशक डा. राजेन्द्र डोभाल मुख्य अतिथि तथा एनटीपीसी, नई दिल्ली के कार्यकारी निदेशक, आरके श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि होगें।

संस्थान के निदेशक डा. एन. गोपालकृष्णन कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे तथा डा. एके मिनोचा कार्यक्रम का संचालन करेगें। वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक तथा सूचना अधिकारी डा. अतुल अग्रवाल ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि इस दिन संस्थान की प्रयोगशालाएं स्थानीय शैक्षिक संस्थानों के विद्यार्थियों और आम जनता के लिए खुली रहेंगी, जिससे सभी को संस्थान के अनुसंधान एवं विकास कार्य से परिचित होने तथा वैज्ञानिकों से बातचीत करने का भी अवसर प्राप्त होगा। इस अवसर पर संस्थान में 25 वर्ष पूरे कर चुके अधिकारियों/कर्मचारियों हिमांशु शर्मा, सुशील कुमार और भारत भूषण को सम्मानित किया जायेगा। साथ ही, वर्ष के दौरान सेवानिर्वित्त हुए 17 कर्मचारियों को भी सम्मानित किया जायेगा।